हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 30 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 19.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

9 हिन्दू सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने जीता सिल्वर



10 हमने शासन की धारणा को सुशासन से बदला : गुप्ता






## खबर संक्षेप

### पंजाबी परिवार मिलन समारोह का आयोजन

**हिसार।** पटेल नगर मार्केट में स्थित पंचायती पंजाबी धर्मशाला में भाग्य साथी मैट्रिमोनी के प्रमुख समाजसेवी भीमसेन मक्कड़ की अध्यक्षता में बड़े हर्षोल्लास के साथ पंजाबी परिवार मिलन समारोह आयोजित किया गया। मोबाइल एप के फाउंडर धीरज मक्कड़ ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पंजाबी परिवार के शादी लायक बच्चों के विवाह को लेकर परिवारों को आपस में मिलाना था।

### जय भीम आर्मी चेयरमैन संजय को मातृ शोक

**हिसार।** जय भीम आर्मी एवं सनातन धर्म चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन तथा पूर्व जोन प्रभारी बहुजन समाज पार्टी संजय चौहान की माता विद्या देवी का निधन हो गया। वे 73 वर्ष की थीं और काफी समय से बीमार चल रही थीं। उनका दाह संस्कार ऋषि नगर स्थित श्मशान गृह में किया गया। विद्या देवी की अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति पहुंचे और शोक व्यक्त किया।

### जरूरतमंद स्कूली बच्चों को ड्रेस वितरित की

**हिसार।** हमारा प्यार हिसार ने सोमवार को सूर्यनगर में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में जरूरतमंद छात्रों को सर्दियों की ड्रेस वितरित की। संस्था ने 85 छात्रों को स्वेट शर्ट तथा जूते उपलब्ध करवाए। वितरण कार्य में हमारा प्यार हिसार की ओर से डॉ सुरेन्द्र गर्ग, सुशील खरींटा, त्रिलोक बंसल, सत्येंद्र यदुवंशी, टोनी यादव, अमित कुमार व स कूल के अध्यापकों ने भरपूर सहयोग दिया।

### प्रसंस्करण योजना में डीएलसी की बैठक 8 को

**हिसार।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना के अंतर्गत जिलास्तरीय समिति (डीएलसी) की बैठक 8 फरवरी को आयोजित की जाएगी। विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति (डीएलसी) की बैठक 8 फरवरी को उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक में योजना की प्रगति पर चर्चा और समीक्षा की जाएगी।

### कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मॉक ड्रिल

**हिसार।** जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर जिला पुलिस लाइन में दंगा निरोधक पुलिस कंपनी को माक ड्रिल का अभ्यास कराया गया। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया। जहां भी उन्हें कमी मिली उसे दूर करने के आदेश दिए गए।

### लुवास में 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु जैव प्रौद्योगिकी विभाग में 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुल 18 वैज्ञानिक, छात्र एवं छात्राओं ने आणविक विज्ञान एवं जैव सूचना विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। मुख्य अतिथि लुवास के अनुसंधान निदेशक डॉ नरेश जिंदल ने वर्तमान परिपेक्ष में आणविक विज्ञान एवं जैव सूचना के महत्व को बताया।

प्रतिभावान छात्रों को किया सम्मानित

# स्व. मित्रसेन आर्य का सपना था कि कोई भी अशिक्षित न रहे : कैप्टन रूद्रसेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

- स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

वैदिक पथ के पथिक स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य की पुण्यतिथि पर परम मित्र विद्यालय खांडा खेड़ी के प्रांगण में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भारत मित्र स्तंभ में हवन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

परम मित्र मानव निर्माण संस्थान के अध्यक्ष कैप्टन रूद्रसेन ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में नारनौंद क्षेत्र के सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों के मेधावी छात्र-छात्राओं बोर्ड मैरिट प्राप्तकर्ता सैकड़ों छात्रों को मैडल प्रशस्ति-पत्र एवं 1 हजार रुपये से 1500 रुपये तक की राशि के चेक देकर सम्मानित किया गया। कैप्टन रूद्रसेन ने कहा कि स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य का सपना था कि देश में कोई भी बच्चा अशिक्षित न रहे। इसके लिए उन्होंने सबसे पहले गुरुकुल खोलने का काम किया और उसके बाद अलग-अलग राज्यों में स्कूलों की भी स्थापना की जिनमें आज हजारों छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस मौके पर सहदेव शास्त्री ने स्वर्गीय मित्रसेन आर्य के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी जीवन शैली भावी पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम संयोजक एवं इंडस शिक्षण संस्थाओं के निदेशक सुभाष श्योराण, प्रशासक मंदीप सिंधु, प्राचार्य अमित गौड़ ने बताया कि प्रत्येक वर्षों की तरह इस वर्ष भी दसवीं व 12वीं के परिणाम में 95 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया है। इनमें टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौंद के 32 छात्र, आर्य स्कूल हैबतपुर के 15, बाबा श्रीराम स्कूल पेटवाड़ के 17, न्यू आदर्श हाई स्कूल लोहारी राघो के 10, एमडीहाई स्कूल पेटवाड़ के दो, एमडीएन पब्लिक स्कूल खरबला के तीन, नवयुग हाई स्कूल नारनौंद के आठ, उपासना सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौंद के चार, परम मित्र विद्या निकेतन खांडा खेड़ी तीन छात्रों को सम्मानित किया गया है। इंडस ग्रुप कॉर्डिनेटर प्रवीन परूथी ने कहा कि स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन से हमें प्रेरणा लेकर उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए ताकि हमारा जीवन भी सफल हो सके।



**नारनौंद।** भारत मित्र स्तंभ में हवन करते हुए कैप्टन रूद्रसेन व अन्य। *फोटो : हरिभूमि न्यूज*



**नारनौंद।** परम मित्र स्कूल खांडा खेड़ी में छात्रों को सम्मानित करते कैप्टन रूद्रसेन व अन्य। *फोटो : हरिभूमि न्यूज*

## कोल्ड-डे रिटर्न : दो पश्चिमी विक्षोभ का रहेगा आंशिक प्रभाव

# पारा लुढ़का, बर्फाली हवाओं ने छुड़वाई लोगों की कंपकंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- सुबह के समय घना कोहरा छाने से वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगे

दो दिन की राहत के बाद सोमवार को हिसार व आसपास के क्षेत्रों में शीत लहर का प्रकोप देखने को मिला। उत्तरी भारत में लगातार हो रही बर्फबारी के चलते प्रदेश के मैदानी इलाकों में एकदम से ठंड फिर से बढ़ गई। हिसार तथा आसपास के क्षेत्रों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। इसके चलते रफ्तार पर ब्रेक लग गया और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हिसार की बात की जाए तो अधिकतम पारा में करीब 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। पिछले दिन दिनों से अधिकतम पारा 21 डिग्री सेल्सियस के पार चल रहा था, लेकिन सोमवार को यह गिरकर 16.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यह सामान्य से करीब 2 डिग्री सेल्सियस कम है। हालांकि न्यूनतम पारे में वृद्धि का दौर जारी है। बादलवाई के चलते सोमवार को हिसार का रात्रि पारा 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर, मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दो पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 31 जनवरी रात्रि से 3 फरवरी के दौरान राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में बीच-बीच में आंशिक बादल रहने तथा हवाएं व गरज चमक के साथ कहीं कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश होने की भी संभावना है। सोमवार की सुबह से ही शीत लहर और घने कोहरे ने लोगों की कंपकपी छुड़वाई रखी। दिनभर शीत लहर चलती रही। दोपहर बाद सूर्यदेव ने दर्शन दिए मगर ठंड से राहत नहीं मिली। शाम होते हुए शीत लहरों और तेज हो गई।



**हिसार।** घने कोहरे के बीच खेतों में खड़ा किसान।

### आज खुश्क रहेगा मौसम

हकृवि के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार हरियाणा में मौसम आमतौर पर 31 जनवरी तक खुश्क रहने की संभावना है। इस दौरान हल्की गति से शीत हवाएं चलने की संभावना है जिससे राज्य में दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी रहने परंतु रात्रि तापमान में हल्की गिरावट होने की संभावना है परंतु इस दौरान ज्यादातर क्षेत्रों अलसुबह धुंध रहने की संभावना है। इसी बीच लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 31 जनवरी रात्रि से 3 फरवरी के दौरान राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में बीच-बीच में आंशिक बादल रहने तथा हवाएं व गरज चमक के साथ कहीं कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश होने की भी संभावना है जिससे रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी तथा दिन के तापमान में फिर से गिरावट आने की संभावना है।

### क्रांतिकारी छात्र संगठन ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** क्रांतिकारी छात्र संगठन (केएसओ) ने जाट धर्मशाला में छात्र अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें छात्रों ने शामिल होकर अपनी मांगों को मनवाने के लिए हुंकार भरी। सभी ने केएसओ द्वारा निर्धारित तीन मांगों का समर्थन करते हुए निर्णय लिया कि अगर मांगें पूरी नहीं हुई तो बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा। केएसओ प्रदेश अध्यक्ष हरिकेश ढांडा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर सरकार हमारी मुख्य मांग छात्र संघ चुनाव को बहाल करने का काम नहीं करेगी तो सरकार को इसकी कीमत बड़े आंदोलन के रूप में चुकानी पड़ेगी।

केएसओ राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ ढांडा ने छात्रों को संबोधित करते हुए सरकार को छात्रों की मांग पूरी करने के लिए 10 फरवरी तक का अल्टीमेटम दिया। इसके बाद पैदल मार्च करते हुए सभी छात्र जिला कार्यालय तक पहुंचे जहां पर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम मांगों का ज्ञापन सौंपा गया और सरकार को चेताया कि निर्धारित समय में छात्रों की मांगें पूरी नहीं हुई तो यह प्रदर्शन बड़े आंदोलन का रूप लेगा और इसका खामियाजा सरकार को आने वाले चुनाव में भुगतना पड़ेगा। इस मौके पर रूपेश बेरवाल, लक्ष्य जाखड़, कीर्तिमान काजला, मंदीप, रोहित, मनीष, आदि मौजूद रहे।

# कैंपस ड्राइव में बहुतकनीकी संस्थान के छात्रों का चयन




**हिसार।** संस्थान प्रधानाचार्य अशोक कुमार के साथ चयनित विद्यार्थी।

- प्रधानाचार्य ने चयनीत विद्यार्थियों को दी नौकरी की बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के कम्प्यूटर इजि. डिप्लोमा स्टूडेन्टस का टीम कम्प्यूटर्स, दिल्ली की कंपनी ने साक्षात्कार किया जिसमें राजकीय बहुतकनीकी संस्थान हिसार के अलावा भिवानी, धांगड और सिरसा के पालिटेक्नीक से आए लगभग 60 विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। कंपनी ने विद्यार्थियों का बेहतरीन प्रदर्शन देखते हुए कुल 31 विद्यार्थियों का चयन किया जिसमें गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, हिसार के 22 विद्यार्थियों का चयन हुआ।

टीपीओ डॉ. मुकेश बसंल ने बताया कि साक्षात्कार के दौरान कंपनी ने 2024 बैच के पास आउट होने वाले कम्प्यूटर इजि. डिप्लोमा के 14 छात्र तथा 2023 पास आउट बैच के 8 छात्रों का चयन किया है। सभी चयनित छात्रों को फरवरी महीने में नियुक्ति दी जाएगी। प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को डिप्लोमा पूरा होने से पहले नौकरी मिलने पर बधाई दी। इस अवसर पर एटीपीओ अजीत कुमार, नवीन अरोडा, संजीव शर्मा आदि स्टाफ मेंबर उपस्थित रहे।

# किसान 8 को राजगढ़ रोड पर लगाएंगे पक्का मोर्चा

- संयुक्त किसान मोर्चा ने बनाई आंदोलन की आगामी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक धरना स्थल पर रणबीर मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आंदोलन की आगामी योजना बनाते हुए संगठन वाइज धरने की ड्युटियां लगाई गई। सभी नेताओं ने एकमत दोहराया कि 7 फरवरी तक हमारी सभी मांगें पूरी नहीं हुई तो 8 फरवरी को राजगढ़ रोड़ पर पक्का मोर्चा लगाएंगे। संयुक्त किसान मोर्चा, हिसार का लघु सचिवालय के बाहर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना 27वें दिन प्रवेश कर गया। सोमवार को पक्का मोर्चा धरना पर पगड़ी सम्भाल जट्टा ने मोर्चा संभाला। मंगलवार को पक्का मोर्चा धरना बीकेयू टिकैत यूनियन संभालेगी। धरने की अध्यक्षता कुलदीप नम्बरदार, सुनील नलवा और बलराज बिजला ने संयुक्त रुप से की और संचालन संदीप सिवाच एंव सतीश बैनीवाल ने किया।

संयुक्त किसान मोर्चा के किसान नेताओं ने बताया कि पक्का मोर्चा मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा। 7 फरवरी तक हमारी सभी मांगें पूरी नहीं हुई तो 8 फरवरी को राजगढ़ रोड़ पर पक्का मोर्चा लगाएंगे। मुख्य मांगें 2022 का 72 गाँवों का बकाया फसल बीमा क्लेम तुरंत जारी किया जाए, 2022 व 2023 की प्रीमियम रिफंड की गई फसल बीमा पॉलिसी केसों का फसल बीमा क्लेम मंजूर किया जाए। जलभराव, गुलाबी सुंडी, सूखे की वजह से बर्बाद हुई फसल का 2020, 2021, 2022 का बकाया फसल मुआवजा जारी हो और 2023 का फसल मुआवजा मंजूर किया जाए।

धरने में शमशेर सिंह नंबरदार, विकास सीसर, धर्मपाल बडाला, संदीप सिवाच, सतबीर पूनिया, सरदानन्द राजली, सोमबीर पिलानियां, कुलदीप पुनिया, मुकेश घणघस, राजू भगत, कैलाश मलिक, राकेश नैन, दशरथ मलिक, अनिल बैंदा, नरेश भ्याण, गोपाल ओड़, कपूर बगला, सुरेंद्र मान, मुकेश धायल, विकास ढांडा, अनिल आदि शामिल रहे।



**हिसार।** अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसान।

### पुलिस कर्मी बनकर रौब झाड़ने का आरोपी काबू

**नारनौंद/हांसी।** पुलिस ने नकली पुलिस कर्मचारी बनकर लोगों पर रोब दिखाने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान जींद जिले के खटकड़ गांव निवासी नरेश के रूप में हुई है।

नारनौंद पुलिस को सूचना मिली थी कि राजथल गांव के बस स्टैण्ड पर एक संदिग्ध व्यक्ति नकली पुलिस कर्मचारी बनकर लोगों पर रोब झाड़ रहा है। थाना नारनौंद पुलिस बिना देरी के गांव राजथल बस स्टैंड पर पहुंचे तो वहां पर एक युवक खाकी रंग की जैकेट पहने हुए मिला। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति से उसकी पहचान बारे पूछा तो संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। शक के आधार पर जब युवक की तलाशी ली गई तो उसकी जेब से पुलिस का एक नकली आई कार्ड बरामद हुआ। जिसमें उस पर लगी फोटो साफ दिखाई नहीं दे रहा थी। वहीं दूसरी तरफ भी कुछ अक्षरों को मिटाया हुआ था। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

# सीएम फ्लाइंग की गढ़ी राशन डिपो पर रेड

- रिकॉर्ड से 298 किलो गेहूं व 225 किलो बाजरा मिला अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सीएम फ्लाइंग व खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से को राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गढ़ी गांव स्थित एक राशन डिपो पर रेड की। इस दौरान राशन डिपो पर काफी अनियमितताएं पाई गई। जिस पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक अनुराग द्वारा बास थाना में आरोपित डिपो होल्डर के खिलाफ कार्रवाई किए जाने को लेकर शिकायत दी गई है।

पुलिस को दी गई शिकायत में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग इंस्पेक्टर अनुराग ने कहा है कि हिसार सीएम फ्लाइंग टीम के उप निरीक्षक बजरंग व सहायक उप निरीक्षक राकेश कुमार को गढ़ी स्थित एक राशन डिपो धारक द्वारा लोगों को समय पर तथा पूरा राशन उपलब्ध नहीं करवाएं जाने की शिकायतें मिली थी। उन्हीं शिकायतों के आधार पर सीएम फ्लाइंग की टीम ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक अनुराग व उप निरीक्षक शैलेश को साथ लेकर गांव गढ़ी गांव के राशन डिपो एफपीएस आईडी पर रेड कर राशन डिपो का निरीक्षण कर डिपो में उपलब्ध स्टॉक रिकार्ड व पीओएस से मिलान किया गया तो राशन डिपो में पीओएस मशीन के रिकॉर्ड से 298 किलो गेहूं, तथा 225 किलो ग्राम बाजरा अधिक पाया गया। रिकॉर्ड से अधिक स्टाक के बारे में पूछे जाने पर डिपो धारक संतोषजनक उत्तर नहीं दिए जाने पर सीएम फ्लाइंग व खाद्य एवं आपूर्ति विभाग अधिकारियों द्वारा जांच में मिली खामियों के आधार पर डिपो धारक चोखेराम के खिलाफ बास थाना में शिकायत दी गई है।



**हांसी।** गढ़ी गांव में राशन डिपो का औचक निरीक्षण करते अधिकारी।

### डिपो होल्डर ने लगाए टीम पर आरोप

राशन डिपो होल्डर का कहना है कि सीएम फ्लाइंग व खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा उसके डिपो का औचक निरीक्षण किया गया लेकिन इस दौरान उसके द्वारा बार बार आग्रह किए जाने पर भी डिपो में मौजूद गेहूं व बाजरा के स्टाक का वजन नहीं किया गया और टीम के सदस्य अपनी मनमर्जी से डिपो मौजूद स्टाक से अधिक लिख कर ले गए।

रोहतक, मंगलवार
30 जनवरी 2024

# हरिभूमि सहेली



महिलाएं जॉब वर्ल्ड में आ जरूर रही हैं, लेकिन वे अकसर अबला होने की मानसिकता से घिरी रहती हैं, यह मानसिकता उनकी तरक्की के मार्ग में बाधक है। आपको अगर सक्सेसफुल प्रोफेशनल बनना है, तो अबला होने की मानसिकता से उबरना होगा। पूरे कॉन्फिडेंस के साथ बहुत ही समझदारी से अपनी सभी जिम्मेदारियां निभानी होंगी, तभी आप सक्सेसफुल कहलाएंगी।

## प्रोफेशनल फील्ड में ऐसे जमाएं अपनी धाक

कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन

इसमें कोई दो राय नहीं कि पुरुषों की तुलना में वर्किंग वूमेन के सामने ज्यादा चैलेंजेस होते हैं। उनकी तरक्की की राह में बार-बार रोड़े अटकाए जाते हैं। परिवार के सदस्य भी उनसे असंतुष्ट रहते हैं। घर में कभी पति, कभी सास और ऑफिस में कभी बॉस या कभी कुलीग्स उन पर तंज कसते रहते हैं। कई लोग तो महिलाओं की कामयाबी के पीछे हमेशा कोई गलत एंगल तलाशते हैं। कई बार महिलाएं इन बातों से घबरा जाती हैं। अपने करियर को बीच में ही रोक कर घर बैठ जाती हैं, वहीं कुछ महिलाएं इन अड़चनों का साहस के साथ सामना करती हैं, वर्किंग वूमेन के रूप में अपने आपको साबित करती हैं। अगर आप भी वर्किंग वूमेन हैं तो अपनी तरक्की की राह में रोड़ा बनी मुसीबतों को दूर करके सफलता के शिखर पर पहुंच सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ बातों को अमल में लाना होगा। इन्हें अपनी काबिलियत बनाना होगा।

**बोल्ड, फ्रेंक एंड फेयर स्पीकर बनें :** किसी भी वर्किंग वूमेन में अगर ज्यादा लचीलापन दिखेगा या वह संकोचवश चुप रहेगी, तो लोग इसका गलत अर्थ निकालेंगे, उसकी चुप्पी का फायदा भी उठाएंगे। चाहे मामला सैलरी के निगोसिएशन का हो या मीटिंग रूम में किसी टीम मेंबर या टीम लीडर के रूप में हो, आप जब दृढ़ता-स्पष्टता से बोलेंगी, तभी लोग आपको गंभीरता से लेंगे। आप अगर टीम लीडर हैं, आपकी टीम का कोई मेंबर ढंग से काम नहीं कर रहा है, तो उसे स्पष्ट बता दें कि उसके काम का यह तरीका सही नहीं है, यदि वह रिजल्ट नहीं देगा तो आप सहन नहीं करेंगी।



**अपना एटिट्यूड रखें प्रोफेशनल :** आपको सफल होना है तो बार-बार महिला होने का रोना, उसका फायदा उठाने की आदत छोड़नी होगी। कई महिलाएं अकसर ऑफिस देर से पहुंचती हैं, घर के काम की मजबूरी का बहाना बनाती हैं। यह गलत रवैया है। यदि ऑफिस में रेपुटेशन बनानी है, सफल होना है तो प्रोफेशनल एटीट्यूड रखें। हर रोज ऑफिस, मीटिंग या किसी भी अन्य काम के लिए सही समय से पहुंचें और पूरी शिद्दत से काम करें। डेडलाइंस को उतनी ही सीरियसली लें, जितना सीरियसली आप ट्रेन छूटने के टाइम को लेती हैं। यह भी जान लें, लोगों के सहयोग के बिना आगे बढ़ना मुश्किल है। सहयोगियों को आपके द्वारा सराहे जाने और फ्रेंडली पेश आने के तीन फायदे हैं- पहला लोग आपकी लेग पुलिंग नहीं करेंगे, दूसरा-आप द्वारा दिए गए काम को लोग पूरी जिम्मेदारी और मेहनत के साथ करेंगे, क्योंकि उन्हें पता है कि सफलता का क्रेडिट आप सबको देने वाली हैं, तीसरा बॉस की नजर में आपकी अहमियत बढ़ जाएगी, वे आपको एक कामयाब प्रोफेशनल वूमेन मानेंगे।

**अगर लेना हो प्रेग्नेंसी या सिकनेस ब्रेक :** कई बार प्रेग्नेंसी, किसी गंभीर बीमारी या पारिवारिक दायित्व की वजह से महिलाओं को लंबी छुट्टी या जॉब से ब्रेक लेना पड़ता है। लेकिन ध्यान रहे, यह ब्रेक आपके करियर की राह को ना तोड़े। ब्रेक के दौरान अपने आपको अपडेट करती रहें। ऑफिस कुलीग्स से फोन, ई-मेल या सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से जुड़ी रहें ताकि आप वर्किंग वर्ल्ड से पूरी तरह अलग ना हो जाएं। ब्रेक के बाद खुद को मानसिक-शारीरिक रूप से तैयार करें और फिर से काम करने के लिए मैदान में आ जाएं। अगर पिछली नौकरी छूट भी गई है, तो आपको दोबारा मिल सकती है। अच्छे व्यवहार, मेहनती और डिवोटेड वर्कर की अपनी इमेज के बूते आपके लिए दोबारा नौकरी हासिल करना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा।



### अपने टैलेंट की करें पब्लिसिटी

**जब तक** आप अपनी प्रतिभा, कौशल और उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताएंगी नहीं, उन्हें कैसे पता चलेगा कि आपमें भी कुछ 'दम' है। ऑफिस में जब भी कुछ उल्लेखनीय करती हैं तो अपने बॉस और कुलीग्स को जरूर बताएं। आपने कोई डिप्लोमा-डिग्री ली है, कहीं सम्मानित की गई हैं, किसी बड़े क्लाइंट से ऑर्डर हासिल किया है, कोई प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूरा किया है, तो बातों ही बातों में इसका जिक्र सबके सामने करें ताकि लोग आपकी इंपॉर्टेंस समझें, आपको गंभीरता से लें। चुपचाप काम करते रहने वाली महिलाओं की कोई कद्र नहीं होती, लोग उन्हें 'अंडरएस्टीमेट' करते हैं, इतना ही नहीं 'टेक इट फॉर ग्रांटेड' भी लेते हैं।

### सही ढंग से करें मैनेज

**वर्किंग वूमेन** की सबसे बड़ी प्रॉब्लम होती है टाइम की कमी, क्योंकि उन्हें दोहरी जिम्मेदारी संभालनी पड़ती है। इसलिए वर्किंग वूमेन के रोल में आप इस तरह मैनेज करें-

- कुछ समय अपने लिए जरूर बचाएं। परिवार के लोगों में काम बांटकर अपने काम का बोझ कम करें। पति और बच्चों के साथ-साथ दूसरे लोगों से छोटे-मोटे काम करवाने की आदत बनाएं।
- घरेलू नौकर, मेड आदि कुछ रुपयों के बदले कई छोटे-मोटे काम कर देते हैं, इससे काफी समय बच जाता है।
- टेलीफोन, बिजली, इंश्योरेंस जैसे रेग्युलर बिल ऑनलाइन पेमेंट करें। इससे आपका काफी समय बचेगा।
- ऑफिस आने-जाने में काफी समय लगता हो तो बस, कैब या ट्रेन में मोबाइल या टैब से मेल चेक करें, उनका जवाब दें, जरूरी कॉल करें, जरूरी कामों की लिस्ट बनाएं और दिनभर के कामों की प्लानिंग करें। इस तरह आप समय का सद्गुपयोग कर लेंगी।
- शॉपिंग के लिए बाजार में घंटों भटक कर समय बर्बाद करने की बजाय ऑनलाइन शॉपिंग की आदत डालें। आपको घर बैठे-बैठे कई अच्छे ऑप्शन मिलेंगे।

## घर के बड़े-बड़े काम बना देती है महिलाओं की छोटी-छोटी बचत



घरेलू वित्तीय प्रबंध में महिलाओं की बचत समय-समय पर बहुत ज्यादा मददगार साबित होती है। महिलाएं इस बचत को व्यवस्थित ढंग से करें, तो उनकी बचत और ज्यादा उपयोगी होगी, घर का वित्तीय आधार मजबूत होगा, परिवार में सुख-समृद्धि आएगी। आपके लिए एक जरूरी सलाह।

मनी मैनेजमेंट / नम्रता नदीम

भारतीय गृहिणियों को उनके पति कितने भी कम पैसे दें, लेकिन वो कुछ ना कुछ जरूर बचा लेती हैं। चुपके से उनके द्वारा कुछ ना कुछ बचा ली गई यह रकम कई बार ऐसे बड़े-बड़े काम बना देती है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए पुरुषों को बचत का महत्व और गुर महिलाओं से सीखना चाहिए।

**तरीका बहुत अनौपचारिक :** भारतीय महिलाएं, दस-दस, बीस-बीस रुपए जोड़कर भी हजारों रुपए इकट्ठा कर लेती हैं फिर उनसे घर की कोई ऐसी चीज खरीद ली जाती है, जिसे एकमुश्त खरीदने में अच्छी-खासी रकम की जरूरत होती है। दरअसल, कोई भी महिला खासतौर पर गृहिणी अपना कोई भी बजट अपने पास मौजूद रकम को देखकर ही बनाती है। महिलाओं के बचत करने का तरीका भी बहुत अनौपचारिक और बिल्कुल भी दबाव या बोझ से मुक्त होता है। मसलन, वे दस-बीस रुपए भी रसोई के किसी डिब्बे में चुपचाप डाल देती हैं। एक दिन जब किसी चीज की बहुत जरूरत होती है, तो उस समय वह बचाई राशि बहुत काम आती है।

**पूरे करती हैं बड़े-बड़े सपने :** वित्तीय योजनाकारों का मानना है कि अगर महिलाओं को थोड़ी सी फाइनेंस प्लानिंग अच्छे से समझा दी जाए तो वे अपनी छोटी-छोटी बचतों से बड़े-बड़े सपने पूरे कर लेती हैं। हालांकि महिलाओं की बचत का यूं तो कोई अलग से आंकड़ा नहीं है, लेकिन माना जाता है कि भारत में जो नियमित घरेलू बचत होती है, उसमें करीब 60 फीसदी से ज्यादा बचत महिलाओं के जरिए या उनके प्रयास से होती है। इस बजट में भी 20 से 25 फीसदी बचत गुप्त बचत के रूप में होती है, जिसका पहले से घर के मुखिया को या घर के आर्थिक बजट को संभालने वाले को पता नहीं होता। ऐन वक्त पर महिलाओं की यह बचत एक बड़ी राहत के रूप में सामने आती है। यही नहीं जब महिलाएं व्यवस्थित ढंग से छोटी वित्तीय योजनाओं में निवेश करती हैं, तो वहां भी कमाल कर देती हैं।

**सुधारें अपनी शॉपिंग हैबिट्स :** पूरी बचत नियंत्रण प्रक्रिया में एक नियंत्रण जो आसानी से हमारी बचत प्रक्रिया को मजबूत करता है, वह है हमारी शॉपिंग हैबिट्स, जिसमें अकसर महिलाएं कमजोर साबित होती हैं। असल में उपभोक्ता बाजार ऐसे हथकंडे अपनाता है कि आप बिना जरूरत की भी शॉपिंग करती हैं। इसलिए जिस चीज की जरूरत ना हो, उसे कभी ना खरीदें। क्योंकि यह खरीदना आपकी समझदारी नहीं बल्कि बाजार की आपको फंसाने की सोची-समझी चाल होती है। इससे बचने का एक सीधा तरीका यह है कि जब शॉपिंग करने जाएं तो घर से ही एक लिस्ट बना लें और दृढ़ता के साथ उस लिस्ट के मुताबिक ही शॉपिंग करें। सेल्समैन के बहकावे पर कुछ ना खरीदें। फिर चाहे वह चीज कितनी ही सस्ती क्यों ना हो। अगर इन कुछ उपायों को अपनाएंगी तो आप भी ना केवल एक बेहतरीन होम मैनेजर बन सकेंगी बल्कि उम्मीद से भी कहीं ज्यादा बचत भी कर सकेंगी, जो आपके आड़े वक्त में सबसे बड़ी मददगार साबित होगी।



### ऐसे करें बचत

- सबसे पहले अपने खर्चों की एक डायरी बना लें, जिसमें नियमित रूप से सारे खर्च दर्ज करें।
- उन छोटे-छोटे खर्चों पर विशेष नजर रखें, जो पहले से तय नहीं होते, लेकिन करीब-करीब हर महीने होते हैं।
- एक-दो महीने नहीं लेकिन अगर आप कम से कम चार-पांच महीनों तक अपने खर्चों पर नजर रखती हैं तो आसानी से जान लेती हैं कि खर्चों में कौन से गैरजरूरी खर्चे हैं, जिन्हें काटा जा सकता है।
- बचत और खर्च के बीच संतुलन बनाए रखें, वर्ना आपका बजट बिगड़ते देर नहीं लगेगी।

## जब अनजान लोगों के बीच आप फील करें ऑकवर्ड

एडवाइस / अंजू जैन

अकसर कुछ लोग ऐसे फंक्शंस या पार्टी में जाने से बचते हैं, जहां लोग उनके परिचित नहीं होते। ऐसी जगह पर उन्हें अनजान लोगों के बीच ऑकवर्ड फील होता है। ऐसे में कुछ बातों का ध्यान रखें तो यह असहजता आप नहीं महसूस करेंगी।

**कॉन्फिडेंट रहें :** ऐसी जगह जहां कोई पूर्व परिचित ना हो, शुरू-शुरू में आप थोड़ा सा अनकंफरटेबल फील कर सकती हैं। लेकिन कॉन्फिडेंस बनाए रखें। जरा भी घबराएं नहीं।

**माहौल को जानें-समझें :** सबसे पहले अपने आस-पास खड़े लोगों की जानें-समझें, उनमें परस्पर चल रही बातचीत के विषय पर ध्यान दें। अगर तीन-चार लोग झुंड बनाकर खड़े हैं, कोई बात कर रहे हैं तो आप भी उनकी गपशप में शामिल हो जाएं। एक बार बात शुरू होगी तो लोग आपसे जुड़ते चले जाएंगे और आपका समय आराम से बीत जाएगा।



**ड्रेस का सेलेक्शन सही करें :** किसी भी पार्टी या सार्वजनिक समारोह में जाएं तो संवर कर जाएं। ड्रेस के सेलेक्शन से लेकर हेयरस्टाइल, चेहरे के ग्लो, फुटवियर, बेल्ट सब कुछ आकर्षक और ट्रेंड के अनुसार हो, इस बात का विशेष ध्यान रखें। आपका लुक लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करने वाला होना चाहिए, फर्स्ट इंप्रेशन आपके गेटअप से ही बनता है।

**हेल्प ऑफर करें :** आप सिर्फ होस्ट को जानती हों या अपनी फैमिली को रिप्रेजेंट कर रही हैं तो उनके पास जाएं। नमस्कार करें, बधाई दें और पूछें कि आप उनकी क्या मदद कर सकती हैं? इससे अटेंडेंस तो नोट होगी ही, हो सकता है वे आपको कोई काम देकर बिजी भी कर दें। अगर काम ना भी बताया तो आपकी पर्सनालिटी का अच्छा इंप्रेशन उन पर पड़ेगा।

**पार्टी को एंज्वॉय करें :** किसी कोने में अलग-थलग खड़े रहने या गुमसुम किसी कुर्सी पर बैठ जाने की बजाय गैदरिंग के माहौल को एंज्वॉय करें। खान-पान, म्यूजिक, गॉसिप आदि में इंवॉल्व हों।

### किसी अकेले को ढूंढ़ लें

**अगर आप** किसी ऑकेजन में अकेली हैं तो चारों तरफ नजर दौड़ाएं। कहीं ना कहीं कोई आपको आप जैसा ही अकेला नजर आ जाएगा। आगे बढ़कर उसके पास जाएं और किसी भी टॉपिक पर बातचीत शुरू कर दें। पहला वाक्य यह भी हो सकता है, 'आप भी अकेली आई हैं क्या? मैं तो सिर्फ होस्ट को जानती हूं।' इससे आपकी उससे बातचीत शुरू हो जाएगी।

स्पेशल: 4 फरवरी, वर्ल्ड कैंसर-डे

## सही लाइफस्टाइल-प्रॉपर चेकअप कैंसर से संभव है बचाव

अवेयरनेस / रजनी अरोड़ा

आजकल भारतीय महिलाओं में कैंसर के मामले जिस तेजी से बढ़ रहे हैं, वो चिंताजनक है। पहले यह बीमारी अधिकतर बड़ी उम्र की महिलाओं में देखने को मिलती थी, लेकिन आजकल 50 साल से कम आयु की महिलाएं भी इसकी शिकार हो रही हैं। आंकड़ों के मुताबिक हमारे देश में हर साल 5 लाख से ज्यादा महिलाएं कैंसर की चपेट में आती हैं, जिनमें से तकरीबन 3 लाख अपनी जान गंवा देती हैं।

**क्या है वजहें:** अव्यवस्थित और आरामतलब जीवनशैली, अनहेल्दी फूड हैबिट्स, मोटापा, आनुवांशिकता, असुरक्षित यौन संबंध, गर्भनिरोधक गोलियों का अत्यधिक प्रयोग, पर्सनल हाइजीन का ध्यान ना रखना, हार्मोन संबंधी असंतुलन, एल्कोहल-स्मोकिंग का बढ़ता चलन, देर से शादी और प्रेगनेंसी, शिशु को स्तनपान ना करवाना और सुंदर दिखने के लिए हार्मोन थेरेपी का उपयोग आदि इसके प्रमुख कारण हैं। इनके अलावा सही समय पर स्क्रीनिंग और अर्ली स्टेज में डायग्नोज ना हो पाना भी महिलाओं में बढ़ते कैंसर का एक बड़ा ।कारण है।

**प्रमुख प्रकार और लक्षण :** महिलाओं में ब्रेस्ट, सर्वाइकल, ओवेरियन, एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर अधिक देखने को मिलते हैं। इनके लक्षण इस प्रकार हैं-



**सर्वाइकल कैंसर :** पीरियड्स ज्यादा होना, पीरियड्स के बीच में ब्लीडिंग, सेक्स के बाद ब्लीडिंग, सफेद बदबूदार पानी ज्यादा आना, पेट के निचले हिस्से और वेजाइना में दर्द आदि।

**ब्रेस्ट कैंसर :** ब्रेस्ट या आर्मपिट्स में कोई दर्दरहित गांठ, स्किन में खिंचाव या किसी तरह का बदलाव होना, ब्रेस्ट की स्किन सख्त होना, लालिमा, सूजन होना, निप्पल से सफेद रंग के द्रव का स्राव आदि।

**ओवेरियन कैंसर :** अपच होना, भूख ना लगना, उल्टी महसूस होना, गैस बनना, पेट में पानी भर जाना, पेट फूलना, पेट के निचले हिस्से में सूजन, ऐंठन और दर्द के अलावा सेक्स के दौरान दर्द।

**एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर :** मेनोपॉज होने के बावजूद हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण बड़ी उम्र में अचानक असामान्य रूप से ब्लीडिंग होना, जो शुरू में कम और धीरे-धीरे काफी तेज हो जाती है।

**बचाव के उपाय :** युवतियों को शादी के बाद साल में एक बार डॉक्टर के पास विजिट जरूर करना चाहिए और रूटीन मेडिकल चेकअप करवाना चाहिए। अगर अर्ली स्टेज पर डायग्नोज हो जाए, तो 90 प्रतिशत मरीज पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। चूंकि, ह्यूमन पेप्पिलोमा वायरस को कैंसर की स्टेज तक आने में 10-15 साल लगते हैं। इस दरम्यान पैपस्मीयर टेस्ट करवाने पर कैंसर अर्ली स्टेज पर डायग्नोज हो जाता है, तो समुचित उपचार से बचा जा सकता है। लिहाजा 21 साल की उम्र के बाद पैपस्मीयर टेस्ट करवाएं। इसके बाद हर 3 साल के अंतराल में और 40 साल की उम्र के बाद 5 साल के अंतराल में यह टेस्ट करवाएं। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 9-16 साल के बीच लड़कियों को 0-2-4 महीने के अंतराल पर एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवाएं। नहाते समय प्राइवेट पार्ट्स को नियमित रूप से चेक करें कि कुछ असामान्य लक्षण ना हों यानी डिस्चार्ज ना हो रहा हो। इनकी सफाई, सेफ्टी और हाइजीन का विशेष ध्यान रखें। परिवार में ब्रेस्ट कैंसर की हिस्ट्री है, तो स्क्रीनिंग नियमित रूप से कराएं। 20-22 साल की उम्र की लड़कियां हर महीने पीरियड्स के 4-5 दिन बाद खुद ब्रेस्ट परीक्षण करें। 38-40 साल की उम्र में एक बार ब्रेस्ट की अल्ट्रासाउंड, 40-45 साल की उम्र के बाद 2 साल में एक बार मेमोग्राम और 55 साल के बाद हर दो साल में ब्रेस्ट-स्क्रीनिंग जरूर कराएं।

एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर का पता लगाने के लिए मेनोपॉज के बाद 5 साल के अंतराल पर पैप स्मीयर टेस्ट जरूर कराएं, जिससे यूट्रस की स्थिति का पता चल सके। अगर बिना किसी वजह के लगातार अपच या पेट दर्द की समस्या एक महीने तक बनी रहे तो ऑन्कोलॉजिस्ट से जरूर कंसल्ट करें। परिवार में ओवरी कैंसर की हिस्ट्री है, तो 18 साल की उम्र से ही साल में एक बार स्क्रीनिंग जरूर कराएं।

**(सीनियर सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. उमंग मित्तल से बातचीत पर आधारित)**

सोना, चांदी हो या हीरा मोती, इनकी ज्वेलरी की चमक समय के साथ कम होने लगती है। लेकिन कुछ आसान उपायों से आप इन्हें फिर से नई ज्वेलरी जैसा चमका सकती हैं। जानिए कुछ यूजफुल टिप्स के बारे में।

## पुरानी ज्वेलरी में आएगी नई चमक

केयर / मधु सिंह

यह सही है कि पुराना होने पर किसी भी मेटल से बने जेवर की चमक फीकी पड़ने लगती है। दरअसल, लगातार या बार-बार पहने जाने के कारण गहनों में धूल, मिट्टी, पसीना, गर्मी, सर्दी और बारिश के मौसम का प्रभाव पड़ता है। अगर इन पर ध्यान ना दिया जाए तो ये अपनी चमक खो देते हैं। अगर थोड़ी सी सजगता से घर पर ही अपने गहनों की साफ-सफाई की जाए तो ये ना सिर्फ फिर से चमकने लगते हैं बल्कि अपनी भरपूर आभा बिखेरते हुए नए जैसे लगने लगते हैं।



**चमक उठेगी सिल्वर ज्वेलरी :** चांदी सफेद रंग की होती है, इसलिए इसकी ज्वेलरी पर पसीने और धूल-मिट्टी का असर बहुत जल्दी दिखने लगता है। चांदी का गहना सोने के गहने के मुकाबले बहुत जल्दी ही अपनी रंगत खो देता है। ऐसे गहनों को फिर से सफेद और चमकदार बनाने के लिए आप ये घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।

- दो चम्मच बेकिंग सोडा और आधा कप सिरके में कम से कम दो घंटे के लिए सिल्वर ज्वेलरी को भिगो दें। दो घंटे बाद इसे ठंडे पानी से धो लें, गहना फिर से चमकने लगेगा।
- चांदी के जेवर को खट्टी दही से भी चमकाया जा सकता है। खट्टी दही में कुछ देर के लिए चांदी के गहनों को भिगो दें। आप देखेंगी कि जल्द ही इन गहनों में चढ़ा सारा मैल कट कर निकल जाएगा। मैल के बाहर आते ही ये गहने फिर से चमकने लगेंगे।
- चांदी के गहनों को सामान्य डिटर्जेंट से भी चमकाया जा सकता है। इसके लिए गुनगुने पानी में डिटर्जेंट मिलाएं और फिर चांदी के गहनों को इसमें डुबो दें। करीब एक घंटे के बाद सॉफ्ट टूथब्रश से रगड़ लें। अब इसे ठंडे पानी से धो दें। सारा मैल निकल जाएगा और ये चमकने लगेंगे।
- टूथपेस्ट से भी सिल्वर ज्वेलरी में चमक आती है। इसके लिए ज्वेलरी पर अच्छी तरह से टूथपेस्ट लगाएं और फिर उसे गर्म पानी में डुबो दें। आधे घंटे के बाद इसे बाहर निकाल कर सॉफ्ट टूथब्रश से अच्छी तरह से रगड़ कर साफ करें, फिर साफ मुलायम और सूखे कपड़े से पोंछें। चांदी के गहनों में चमक आ जाएगी।
- रीठे के पानी में भिगोकर साफ करने से भी चांदी के जेवरों में चमक आ जाती है।

**नई जैसी दिखेगी गोल्डेन ज्वेलरी :** सोने के जेवर को निखारने के लिए भी आप कुछ सरल घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।

- एक बड़े कटोरे में आधा कप सिरका डालें, उसमें दो चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं और इस मिश्रण में अपने सोने के गहने को दो से तीन घंटे के लिए डुबो दें। तीन घंटे के बाद इसे निकालकर ठंडे पानी से धो लें, फिर सूखे मुलायम कपड़े से हल्के हाथों से इन्हें अच्छी तरह से पोंछ दें। गोल्ड ज्वेलरी की खोई हुई चमक लौट आएगी। सोने के गहनों की चमक वापस लाने में उबले हुए रीठे का पानी भी कारगर होता है।
- गरम पानी में अच्छी क्वालिटी का डिटर्जेंट पावडर और 1 चम्मच अमोनिया मिलाकर इस घोल में अपने सोने के गहनों को कुछ देर के लिए पड़ा रहने दें, फिर इन्हें निकाल कर साफ-ठंडे पानी से धो लें। इनकी खोई हुई चमक लौट आएगी।
- सोने के गहनों की चमक फिर से वापस लाने के लिए थोड़े से पानी में 1 चम्मच हल्दी डालकर इसे उबाल लें। फिर इस पानी में रात भर के लिए सोने के गहनों को डालकर रखें। फिर अगले दिन सॉफ्ट ब्रश से हल्के हाथों से रगड़ लें। गहने चमकने लगेंगे।

**डायमंड-पर्ल ज्वेलरी के लिए :** सोने, चांदी के अलावा अगर आपके पास हीरे (डायमंड) या मोती (पर्ल) के जेवर हैं तो इन्हें भी आप घर में चमका सकती हैं। इसके लिए गर्म पानी में थोड़ा शैंपू घोलें और उसे एक मुलायम ब्रश से गहने पर अप्लाई करें, लेकिन इसे घोल में डुबोएं नहीं। ना ही सादे पानी में धोएं। केवल पानी में धोने से इसमें दाग पड़ जाते हैं और घोल में डुबोने पर यह अपनी चमक खो सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि जब मोती के गहने चमकाने हों तो उन्हें बेहद सॉफ्ट कपड़े पर रखकर ही ऐसा करें।

**खबर संक्षेप**

### 48 बोतल अवैध शराब सहित काबू

**हिसार।** अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए मंगाली चौकी पुलिस ने सिधरान-कैमरी रोड से एक मोटरसाइकिल सवार को काबू करके 48 बोतल अवैध शराब बरामद की है। एएसआई संजय ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सिधरान-कैमरी रोड से मोटरसाइकिल सवार युवक कालवास निवासी संदीप को काबू किया। तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल पर रखी चार गत्ता पेटी से 48 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। उस पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### बिजली के तार चोरी के मामले में गिरफ्तार

**हिसार।** एचटीएम थाना पुलिस ने सेक्टर 4 स्थित निमार्णाधीन मकान से बिजली की तार चोरी के मामले में महावीर कॉलोनी निवासी प्रेम को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक रामजीलाल ने बताया कि थाना एचटीएम में सेक्टर 33 हिसार निवासी सुनील कुमार ने सेक्टर 4 हिसार स्थित निमार्णाधीन मकान से बिजली की तारें चोरी होने के बारे में शिकायत थी।

### राजकीय मॉडल संस्कृति में कार्यक्रम का आयोजन

**हांसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी वार्षिक परीक्षाओं को लेकर सोमवार को विद्यार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परीक्षा पे चर्चा का यह सातवां संस्करण था। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव मुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करने के अहम सूत्र दिए।

### रणजीत बने सब अर्बन सब यूनिट के प्रधान

**हांसी ।** हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन मुख्यालय हिसार संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का 3 वार्षिक सम्मेलन सब अरबन हांसी सब डिवीजन में यूनिट प्रधान सुरेंद्र हुड्डा की अध्यक्षता में आज हुए चुनाव में सर्वसम्मति से रणजीत सैनी को प्रधान, रघुबीर शर्मा को वरिष्ठ उप प्रधान चुना गया।

राष्ट्रीय सब जूनियर व सीनियर महिला खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

# हिन्दू सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने जीता सिल्वर पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

खेलो इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर व सीनियर महिला खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश के अटर्रा स्थित ज्ञानस्थली वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य की टीम में हिन्दू सीनियर सेकेंडरी स्कूल की दस छात्राओं को राष्ट्रीय टीम में चयन किया गया। इसमें 6 छात्राओं को जूनियर व 4 छात्राओं का सीनियर वर्ग में चयन किया गया। खो-खो प्रतियोगिता में दोनों ही टीमों का आखिरी मुकाबला दिल्ली की टीम के साथ टाई रहा। दोनों ही टीमों द्वारा समान अंक प्राप्त किए जाने पर हरियाणा व दिल्ली की सीनियर व जूनियर वर्ग की दोनों टीमों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित कर रजत पदक प्रदान किया गया। खेलों इंडिया खो खो प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता खिलाड़ियों व कोच विरेन्द्र का सोमवार को स्कूल पहुंचने पर फूल व नोटों की मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य कामना करते हुए बधाई दी।


हांसी। पदक विजेता खिलाड़ियों का नोटों की मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।




### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**हांसी।** सामाजिक संस्था लोकहित मंच द्वारा श्री अयोध्या धाम में भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के पुनीत अवसर पर श्री रामायण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महासचिव मनमोहन तायल ने बताया कि ली ग्रैंड बैंक्वेट हाल में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और उसके उपरांत छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी सज्जन बंसल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने की। संयोजक विपिन बाबा, पुनीत गौड़ एवं गौरव भारतीय ने बताया कि प्रतियोगिता में शहीद भगत सिंह हाई स्कूल की छात्रा आंचल ने प्रथम, आनंद निकेतन पब्लिक स्कूल के छात्र हितेश ने द्वितीय एवं गीता पब्लिक स्कूल की मनीषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# विधायक ने सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण


हिसार। विधायक जोगी राम सिहाग मेन रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए

■ संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्माण संबंधित निर्देश दिए

**बरवाला।** विधायक जोगी राम सिहाग ने अग्रोहा मार्ग के समीप मेन रोड पर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक जोगी राम सिहाग ने मौके पर मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस निर्माण कार्य संबंधित दिशा निर्देश दिए। विधायक जोगी राम सिहाग ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि खानक बंद होने के कारण ठेकेदारों को निर्माण सामग्री मिल नहीं पाई थी जिसकी वजह से मेन रोड का निर्माण कार्य बीच अधर में लटका हुआ था। अब खानक से निर्माण सामग्री उपलब्ध हो गई है और मेन रोड के अधूरे पड़े निर्माण कार्य को आरम्भ कर दिया गया है। एक महीने के अंदर अंदर मेन रोड के एक तरफ का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इस अवसर पर पूर्व वाइस चेयरमैन रामफल गुराना, पूर्व पार्षद रामकेश बंसल, सतपाल सोनी, पूर्व पार्षद जगदीश गुलाटी, पार्षद धर्म सिंह व राजकुमार बजाज आदि मौजूद रहे।

# अधिवक्ता रजत कलसन संत कबीर रत्न अवॉर्ड से किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

नेशनल अलायन्स फॉर दलित ह्यूमन राइट्स के संयोजक अधिवक्ता रजत कल्सन को एससी,एसटी समाज के खिलाफ हो रहे अत्याचार, भेदभाव तथा उत्पीड़न के मामलों में न्याय दिलाने के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यो तथा प्रयासों के लिए दिल्ली के रोहिणी स्थित युवाशक्ति मॉडल स्कूल में आयोजित 9वें वार्षिक समारोह में संत कबीर रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के संयुक्त सचिव डॉ जीएस चौहान ने रजत कल्सन को शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश चंद्र सिंघल व मुख्य सलाहकार विरदी चंद गोठवाल ने बताया कि अधिवक्ता रजत कलसन पिछले 15 सालों से हरियाणा में एससी एसटी समाज के खिलाफ हो रहे अत्याचार व उत्पीड़न की लड़ाई लड़ रहे हैं तथा मिर्चपुर कांड सहित अनेक हाई प्रोफाइल अत्याचार के मामलों में उन्होंने जातिवादी लोगों को जेल में भिजवाने का काम किया है।


हांसी। अधिवक्ता रजत कलसन को स्मृति चिन्ह प्रदान सम्मानित करते संत कबीर सामाजिक उत्थान संस्था के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### बरवाला का दौरा करेगा यूरोपीय कंपनियों का प्रतिनिधिमंडल : वर्मा

**हिसार।** सनातन गौरक्षा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा विभिन्न धार्मिक सामाजिक संगठनों से जुड़े समाज सेवी हरीश वर्मा बरवाला क्षेत्र के युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत हुए हैं। हरीश वर्मा ने बताया कि उन्होंने गूगल मीट पर यूरोप की कई कंपनियों से बरवाला क्षेत्र में उद्योग लगाने के लिए बात की है और उन्हें उद्योग लगाने के लिए संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर बरवाला क्षेत्र का नक्शा भी भेजा है। उन्होंने बताया कि यूरोपीय कंपनियों ने यहां उद्योग लगाने में पूरी दिलचस्पी दिखाई है।



# लाला मोहनलाल लाहौरिया की छठी पुण्यातिथि पर किया हवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

स्वतंत्रता सेनानी स्व. जुगलकिशोर लाहौरिया के सुपुत्र स्व. लाला मोहनलाल लाहौरिया की छठी पुण्यतिथि पर आज स्थानीय न्यू लाहौरिया सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के प्रांगण में प्रेरणा दिवस के रुप में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। लाहौरिया एजुकेशन सोसायटी के महासचिव सुरेन्द्र लाहौरिया ने बताया कि इस हवन यज्ञ को पं. स्वदेश शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ विधिपूर्वक सम्पन्न करवाया। हवन में नगर की कई हस्तियों ने भाग लिया। इनमें मुख्य रुप से विभाग संघचालक पवन जिंदल, श्रीकृष्ण गौशाला के अध्यक्ष कमल सर्राफ, केशव नगर के संघचालक राहुल अग्रवाल, हनुमान बंसल, अनिल गोयल, आनंद प्रकाश गुप्ता, राजेश बंसल, अमित जैन एडवोकेट, दीपक महिपाल सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन मुकेश बंसल ने किया। हवन के पश्चात कमल सर्राफ ने स्व. मोहनलाल लाहौरिया को अपना सामाजिक गुरु बताते हुए उनके साथ व्यतीत पलों को सांझा करते हुए परिवार को उनके आदर्शों पर चलने का निवेदन किया। 1990 व 1992 में अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए हुए आंदोलनों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।


हिसार। स्व. लाला मोहनलाल लाहौरिया की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित हवन में आहुति डालते परिवार के सदस्य।


बालसमंद सब यूनिट के नवनिर्वाचित पदाधिकारी शपथ ग्रहण करते हुए।

### विरेंद्र खट्टर चौथी बार बने सब यूनिट प्रधान

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन की बालसमंद सब यूनिट का त्रिवार्षिक सम्मेलन बालसमंद में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान विजेंद्र पूनिया ने की जबकि संचालन रविंद्र बिश्नोई ने किया। सम्मेलन में सब यूनिट की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया, जिसमें विरेंद्र खट्टर को चौथी बार सब यूनिट प्रधान व सुरेंद्र सिंह को दूसरी बार सचिव चुना गया। इनके अलावा राधेश्याम एसएसए को कैशियर व विकास जेई को संगठनकर्ता चुना गया। यूनियन के राज्य उपप्रधान जगमिंद्र पूनिया ने सोमवार को नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण करवाई।

# रिफ्रेशर कोर्स में 6 राज्यों के वैज्ञानिक शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने वैज्ञानिकों से आह्वान किया है कि वे वर्तमान समय की कीट समस्याओं को ध्यान में रखकर ही अनुसंधान कार्य करें। साथ ही ऐसे प्रबंधन उपायों की खोज पर भी बल दिया जाना चाहिए जो कीटों की रोकथाम भी करें तथा मनुष्य के स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित हों।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज कृषि महाविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग में रिसेंट एडवांस इन इकोफ्रेंडली मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप पेस्ट विषय पर आयोजित 21 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह रिफ्रेशर कोर्स नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तत्वाधान में उपरोक्त विश्वविद्यालय एवं सेंटर फॉर एडवांस फेकल्टी ट्रेनिंग (सीएएफटी) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। जागरूकता के अभाव में किसान बिना वैज्ञानिक सलाह के फसलों में अंधाधुंध कीटनाशकों व रसायनों का मिश्रित छिड़काव कर रहे हैं।


हिसार। रिफ्रेशर कोर्स के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यातिथि प्रो. बीआर काम्बोज। फोटो :हरिभूमि

### शोध कार्य करने पर दिया बल

*विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने प्रशिक्षुओं से जैविक खेती व रसायनों के आवश्यकता आधारित एवं विवेकपूर्ण उपयोग के बारे में शोध कार्य करने पर बल दिया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने विश्वविद्यालय में शोध के लिए उपलब्ध सभी सुविधाओं एवं केंद्रों की विस्तार से जानकारी दी। कीट विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष एवं कोर्स निदेशक डॉ. सुनीता यादव ने रिफ्रेशर कोर्स की विभिन्न गतिविधियों, रूपरेखा सहित अन्य संबंधित जानकारियां सांझा की।*



### श्याम महोत्सव में गायकों ने जमाया रंग

**हिसार।** श्री श्याम सेवा परिवार के तत्वाधान में अग्रसेन भवन में आयोजित छठे श्रीश्याम विशाल महोत्सव का शुभारंभ अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी खारिया वाला ने ज्योत प्रज्जवलित करके किया। महोत्सव में आने वाले भक्तों का खाटू धाम की धारा से लाई गई मिट्टी से तिलक किया गया। संस्था के प्रधान सुरेंद्र बागड़ी ने बताया कि प्रसिद्ध गायकार नंदू भैया, सोनू लक्खा, प्रिंस-मोना, बाबा की परी, अभिनव ऐरण आदि ने श्याम बाबा का गुणगान किया। मंच संचालन पवन गेरा ने किया। इस अवसर पर संस्था से जुड़े एन.के. गोयल, दीपक गर्ग झज्जर वाले, गजानन्द गर्ग, प्रतीक बंसल, वीरेंद्र गुप्ता, विपिन गोयल, अनिल सिंगला मंगाली वाले, अंकुर गोयल, सत्यवान सैनी, कमल पुरोहित, प्रेमचंद गर्ग, जगदीश वर्मा, अशोक जैन, सुमित कुमार, सौरभ गोयल के अलावा सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लिया। देर रात तक श्याम बाबा के जयकारे गूंजते रहे।

### मन की बात कार्यक्रम सकारात्मक ऊर्जा का प्रभावी माध्यम : योगेंद्र

**हिसार।** प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम देश में भी सकारात्मक और रचनात्मक ऊर्जा के प्रसार का एक अनूठा प्रभावी माध्यम है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष योगेंद्र शर्मा पार्टी ने गांव चिकनवास स्थित बूथ नंबर 84,85 में ग्राम वासियों के साथ मन की बात कार्यक्रम का 109 वां अंक सुनने के बाद ग्राम संवाद में यह टिप्पणी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के जिलाध्यक्ष संदीप गोयल ने की। इस अवसर पर नशा मुक्ति संचालक सुनील शर्मा, मोर्चा जिला महामंत्री आशीष जोशी व अनिल भैरू, गगन शर्मा, सुरेश जांगड़ा, वीरेंद्र महता, विनोद चनेट, मनोज, शशिकांत शर्मा, घनश्याम शर्मा, कपिल नेहरू, अमित पूनिया आदि भी मौजूद रहे।

# विद्यार्थी शिक्षा के साथ खेलों पर भी ध्यान दें : शर्मा

■ रावलवास खुर्द में क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

समीपवर्ती गांव रावलवास खुर्द में 12वीं क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए हिसार केंद्रीय सहकारी बैंक, हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी शाखा प्रबंधक रामफल वर्मा ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी अपने विद्यार्थी जीवन में एक विशेष स्थान है खेल के माध्यम से समाज के अंदर भाईचारा बढ़ता है और शारीरिक विकास और मानसिक विकास भी होता है। हर उम्र के व्यक्ति को कोई न कोई खेल अवश्य खेलना चाहिए चाहे वह सुबह की सैर ही क्यों न हो।


हिसार। क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ बैंक प्रबंधक रामफल वर्मा व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### सीएम ने दिया भ्रष्टाचार मुक्त शासन व पारदर्शी सरकार : कुलदीप बिश्नोई

**हिसार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा है कि जिस प्रकार से केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साढ़े वर्षों में देश की दशा व दिशा को बदला है, उसी प्रकार से पिछले नौ वर्षों में प्रदेश की मनोहर सरकार ने हरियाणा में भ्रष्टाचार मुक्त शासन व प्रशासन देकर पारदर्शी सरकार दी है। प्रदेश सरकार ने राज्य के हर वर्ग और हर क्षेत्र का विकास करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। यही कारण है कि हरियाणा की 36 बिरादरी में आज यह चर्चा चहुंओर है कि मोदी सरकार की तरह ही हरियाणा में भी भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विगत 9 वर्षों का कार्यकाल सबका साथ-सबका विकास, पादर्शी प्रशासन और अंत्योदय उत्थान वाला रहा है। मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में राज्य में भ्रष्टाचार पर चोट की है।

### न्यूड वीडियो कॉल से होने वाली ठगी से सावधान रहें नागरिक : मोहित

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा है कि ऑनलाइन जालसाजों ने लोगों को ठगने, ब्लैकमेल करने और जबरन वसूली करने का नया तरीका अपनाया है। जैसे-जैसे लोगों द्वारा इंटरनेट पर सर्फिंग के लिए टाइम बढ़ाया गया है वैसे वैसे ऑनलाइन धोखेबाज नए-नए तरीके खोज रहे हैं। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने नागरिकों को जागरूक करते हुए कहा कि नागरिकों के साथ धोखेबाजी करने की अपनी नवीनतम तकनीक में, साइबर अपराधी नई तरकीबें लेकर आए हैं, जैसे 'न्यूड वीडियो कॉल' जिसके द्वारा वे व्हाट्सएप और अन्य वीडियो कॉल-सक्षम प्लेटफॉर्म जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लोगों को टारगेट करते हैं। ये जालसाज रैंडम नंबरों पर वीडियो कॉल करते हैं।

# पूर्वांचल वासियों ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने पर जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने पर खुशी जताई है। इसके लिए समिति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। समिति की बैठक में महासचिव आचार्य मुरलीधर पांडेय ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च सम्मान देने की घोषणा करके प्रधानमंत्री ने अपनी दूरदर्शिता व निष्पक्षता का परिचय दिया है। इस मौके पर प्रधान विनोद साहनी, अर्चना पांडेय,आचार्य शिवपूजन मित्र, मनीश शर्मा, अमन, हिमांशु, सीता देवी, गीता देवी आदि भी उपस्थित रहे।


पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति के सदस्य बैठक करते हुए।

**अभियान** पुलिस ने विशेष नाकाबंदी कर वाहनों की गहनता से जांच की

# हांसी पुलिस ने 100 वाहनों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

सीलिंग प्लान के तहत जिला पुलिस द्वारा सोमवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जिला पुलिस क्षेत्र में 36 नाके लगाकर नाकाबंदी करके पूरे जिले को सील किया गया। सीलिंग प्लान के तहत जिला में विभिन्न स्थानों पर विशेष नाकाबंदी करके वाहनों की गहनता से जांच की गई। पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने बताया कि सीलिंग प्लान के दौरान जिला पुलिस क्षेत्र में 36 स्थानों पर नाकाबंदी करके 1373 वाहनों को चेक किया गया और यातायात के नियमों के उल्लंघन करने वाले कुल 132 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस ने सीलिंग प्लान के दौरान पुलिस जिला क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में नाकाबंदी करके 1033 वाहनों को चेक किया गया तथा यातायात के नियमों के उल्लंघन करने वाले कुल 100 वाहनों के चालान किए गए। बिना हेलमेट के 2, बिना सीट बेल्ट के 5, ओवर स्पीड के 12, नो पार्किंग का 1, चेंज लेन ड्राईव के 10 चालान, व अन्य यातायात के नियम तोड़ने वालों के 79 चालान किए गए।


हांसी। सीलिंग प्लान के दौरान नाके पर तैनात पुलिस अधिकारी व कर्मचारी

### सीलिंग प्लान के दौरान पुलिस ने ट्रैफिक नियमों की अवहेलना पर किए 127 वाहन चालकों के चालान

**हिसार।** जिला पुलिस ने सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी करके संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चैकिंग की। इस दौरान पुलिस अधिकारी और कर्मचारी नाकों पर तैनात रहे। नाकों पर चैकिंग के दौरान पुलिस ने लगभग 1080 वाहन चैक कर ट्रैफिक नियमों की अवहेलना पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 127 वाहन चालकों के चालान किए। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा खुद नाकों को चैक किया और नाकों पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस ने सड़क सुरक्षा माह के तहत धुंध के समय यातायात नियमों और लेन ड्राइविंग को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर की मुख्य सड़कों पर जागरूकता अभियान चला, वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए।

## खबर संक्षेप

### भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष ने हवन में लिया हिस्सा

**हिसार।** भाजपा के युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष योगेंद्र शर्मा का पंचग्राम पाबड़ा में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के उपरांत उन्होंने पाबड़ा में स्थित प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में आयोजित हवन-यज्ञ में हिस्सा लिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, जिला महामंत्री आशीष जोशी व अनिल भैरू, सोशल मीडिया जिला सह प्रमुख विरेंद्र महता आदि मौजूद थे।

### नेशनल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता कनोह में 2 से

**हिसार।** पूर्व कबड्डी खिलाड़ी स्वर्गीय बृजेश व सुरेंद्र बच्ची की याद में 2 व 3 फरवरी को नजदीकी गांव कनोह में नेशनल स्टाइल कबड्डी 50 किलोग्राम वेट 2 फरवरी को और ओपन वेट प्रतियोगिता 3 फरवरी को करवाई जाएगी। एथलेटिक कोच राजू कनोह ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता के साथ लड़कों के वर्ग की 17 वर्ष वर्ग में 600 मीटर दौड़ भी होगी। उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नरेश सेलवाल होंगे।

### हांसी उपमंडल कार्यालय में रोजगार मेला आज

**हांसी।** उपमंडल कार्यालय परिसर में आज रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सहायक रोजगार अधिकारी ममता कुमारी ने बताया कि 30 जनवरी को रोजगार मेले में सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड कंपनी द्वारा सुरक्षा गार्ड व सुरक्षा सुपरवाइजर पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

### 95 दिव्यांगों को फ्री मिलेंगे कृत्रिम अंग व उपकरण

**हिसार।** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में स्थापित लाला देवीचंद ग्रोवर निशुल्क कृत्रिम अंग निर्माणशाला द्वारा शिविर में दिव्यांगों की जांच की गई। भाविप की पानीपत शाखा की ओर से पानीपत में जीटी रोड स्थित गोशाला मंदिर में दिव्यांग सहायता शिविर लगाया गया।

### हमने शासन की धारणा को सुशासन से बदला : निकाय मंत्री

# सत्ता के भाव से नहीं बल्कि सेवा भाव से काम कर रही वर्तमान सरकार : गुप्ता

**वार्ड-15 व वार्ड-3 में लोगों से किया सीधा संवाद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबों और वंचितों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ने ऐसी योजनाएं लागू की हैं जो पूरी तरह से अंत्योदय व गरीब हितैषी हैं। यह बात शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान वार्ड नंबर-15 महावीर कॉलोनी स्थित रामलीला मैदान तथा वार्ड नंबर-3 स्थित कबीर चौक में उपस्थित लोगों से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं व सेवाओं पर पहला हक गरीबों का है। वर्तमान सरकार सत्ता भाव से नहीं सेवा भाव से काम कर रही है। हमने शासन करने की नीति को सुशासन की नीति से बदला है।

लागू की गई सभी योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाना सरकार अपना कर्तव्य समझती है। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से लाभार्थियों ने अपने-अपने अनुभव बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया।

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन करते हुए नागरिकों से आह्वान किया कि विकसित भारत-जनसंवाद-संकल्प यात्रा में पहुंच कर सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और लाभ उठाएं।



हिसार। जन संवाद कार्यक्रम में सम्मानित करते शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता। फोटो : हरिभूमि



हिसार। गेट मीटिंग को संबोधित करते कर्मचारी नेता। फोटो : हरिभूमि

# गुजवि में गैर शिक्षक संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

- जीजेयू प्रशासन पर मांगों को ठंडे बस्ते में डालने की निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ ने विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष मांगे रखी है। मांगों के हल न होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी भी संघ ने दी है। सोमवार को प्रधान रामनिवास वर्मा की अध्यक्षता में कुलपति कार्यालय के सामने पार्किंग में सभी गैर शिक्षक कर्मचारियों की गेट मीटिंग हुई। इसमें कहा गया कि 21 दिसंबर को आम सभा में लिए गए फैसले के अनुसार प्रशासन को मांगपत्र सौंपा गया था, उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जो निंदनीय है। इसमें विभिन्न मुद्दों जैसे डी टाइप व अन्य मकान आवंटन बारे कमेटी बनाकर योग्यता बारे पुनर्विचार करने, आदि मांगें शामिल हैं।

### 'हरियाणा के नौ अतुल्य वर्ष' का विमोचन 3 को

**हिसार।** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा द्वारा तीन फरवरी को 'हरियाणा सरकार के नौ अतुलनीय वर्ष' पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि होंगे और मुख्यमंत्री मनोहर लाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह आयोजन सूरजकुंड (फरीदाबाद) में किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस पुस्तक का भाषांतर संपादन हिसार की डॉ. शमीम शर्मा ने किया है जो हरियाणा साहित्य अकादमी और केंद्रीय साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2009 में शमीम शर्मा ने हरियाणा एनसाइक्लोपीडिया के 10 खंडों का संपादन भी किया था और उन्हें श्रेष्ठ महिला रचनाकार का पुरस्कार भी सरकार द्वारा दिया जा चुका है।



डॉ. शमीम शर्मा

# लोस व विस चुनाव को लेकर जजपा ने की बैठक में मंत्रणा

- जिला स्तरीय बैठक में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जननायक जनता पार्टी द्वारा जिलास्तरीय मीटिंग का आयोजन जिला प्रधान अमित बूरा की अध्यक्षता में जिला प्रभारी मा तारा चंद की मौजूदगी में किया गया। मीटिंग में जननायक जनता पार्टी को मजबूत करने, लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान एक बूथ एक यूथ के तहत पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करना, बूथ पर महिलाओं की ज्यादा से ज्यादा सक्रियता बढ़ाने के लिए एक बूथ सखी बनाकर पार्टी को मजबूत करना व अन्य निर्देश दिए गए। मीटिंग के दौरान बुद्धिजीवी वर्ग प्रदेश प्रभारी डॉ. अजीत, पंचायती राज प्रदेशाध्यक्ष सुनील मुंड, प्रदेश उपाध्यक्ष कर्ण सिंह देपल, सत्यवान बिचपडी, दलबीर धीरणवास, जयपाल बांडाहेड़ी, चित्रा डाबड़ा, हिसार हल्का प्रधान तरुण गोयल, अनिल बालकिया, सत्यवान कोहाड़, राहुल मक्कड़, राजेश झांझडिया, मुंशीराम बेनीवाल, राधिका गोदारा, शिव कुमार कुलाना, सुभाष बेरवाल, डॉ अनंत राम बरवाला, आदि मौजूद थे।



हिसार। बैठक को संबोधित करते जजपा जिलाध्यक्ष अमित बूरा। फोटो : हरिभूमि

# इंडस का छात्र अथर्व रहा प्रथम

- सहोदय में अंग्रेजी इंटर स्कूल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सहोदय स्कूल मोगा देवी मिंडा मेमोरियल स्कूल, बगला में अंग्रेजी इंटर स्कूल भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 22 स्कूलों में से इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल, हिसार के मास्टर अथर्व ने जूनियर वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में हिसार के 22 सीबीएसई स्कूलों के छात्रों ने बड़ी रुचि, उत्साह और जोश के साथ भाग लिया।

प्रतियोगिता में प्रत्येक स्कूल से दो छात्रों ने भाग लिया और प्रत्येक स्कूल से एक छात्र ने एक विषय पर बात की। श्रोता छात्रों द्वारा प्रदर्शित आत्मविश्वास से प्रभावित हुए क्योंकि उन्होंने कड़ी प्रतिस्पर्धा में मजबूत और शक्तिशाली शब्दों में अपनी राय व्यक्त की, जहां प्रत्येक ने अपनी क्षमता के अनुसार दूसरे को पछाड़ने की कोशिश की। प्रतियोगिता का मूल्यांकन उनके परिचय, स्मरण, उच्चारण, प्रस्तुति और सामग्री के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता के बाद पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्र को ट्रॉफी और योग्यता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्रों को अपने संचार कौशल में सुधार करने और अपने विचारों को प्रस्तुत करने के नए तरीके सीखने में मदद मिलती है।छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



हिसार। विजेता छात्र को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

